आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 18.04.2024** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार समाप्त, 20 मई को होगा मतदान।
- आज विष्व संग्रहालय दिवस पर प्रदेष में हुए विभिन्न कार्यक्रम।
- प्रदेष में भीषण गर्मी का दौर जारी, कई जिलों में हीटवेव चलने का अलर्ट।
- आईपीएल में अब से कुछ देर बाद चेन्नई सुपरकिग्स का मुकाबला राजल चेलेन्जर्स बैंगलूरू से।

---

**उत्तर प्रदेश–रैली**

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार आज शाम समाप्त हो गया। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात बिहार और ओडिसा की पांच–पांच, झारखंड की तीन, जम्मू कश्मीर और लद्दाख की एक –एक सीट पर 20 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव प्रचार समाप्त होने के पहले उत्तर प्रदेश में आज विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारकों ने रोड शो और जनसभाएं कीं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने बस्ती जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने जनता को गुमराह करके कभी राजनीति नहीं की है। इसके बजाय उसने लोगों का सदैव ईमानदारी से सामना किया है। श्री सिंह ने कहा कि भविष्य में कांग्रेस और समाजवादी जैसे दलों का प्रभाव समाप्त हो जाएगा और इस वर्ष के चुनाव के बाद लोग उन्हें भूल जाएंगे। श्री सिंह ने लखनऊ में भी जनसभा को संबोधित किया। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने झांसी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 70 साल की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण–प्रतिष्ठा की। उन्होंने प्राण–प्रतिष्ठा उचित तरीके से न करने के कांग्रेस के दावे की भी आलोचना की। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी अलग–अलग लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया।

**अंबाला–प्रधानमंत्री रैली**

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने आज अंबाला में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव रैली को संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश में सुदृढ़ और स्थिर सरकार है इसलिए हमारे दुश्मन हमारे खिलाफ कुछ भी करने से पहले सौ बार सोचते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पिछले 70 साल से

भारत को परेशान कर रहा है, पहले उसके हाथों में बम थे और अब उसके हाथों में भीख का कटोरा है। जब मजबूत सरकार होती है तो दुश्मन ऐसे ही कांपते हैं। उन्होंने कहा कि कमजोर सरकार जम्मू–कश्मीर के हालात नहीं बदल सकती थी। लेकिन हमारी मजबूत सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटा दिया।

**मौसम**

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। ग्वालियर और गुना में सीजन में पहली बार पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया। इसके चलते ग्वालियर, चंबल और निमाड़ में 21 मई तक भीषण गर्मी का अलर्ट है। यहां के 15 जिलों में गर्म हवाएं चलने की संभावना है। वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि आज खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, नरसिंहपुर, जबलपुर, उमरिया, कटनी, दमोह, सागर, पन्ना में आंधी–बारिश की संभावना है। कल श्योपुरकलां, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर और दमोह में गर्म हवाएं चलेंगी। **सीहोर** जिले में तापमान 44 डिग्री सेल्शियस तक पहुंच गया। इस भीषण गर्मी के चलते लोग अपने घरों में रहने को मजबूर हो गए हैं। गर्मी के इस प्रकोप के चलते बिजली की मांग भी बढ़ गई है। **रतलाम** में आज अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के भी ऊपर पंहुच गया। इस साल यह अब तक सर्वाधिक तापमान है। जिले में पिछले तीन दिनों से तेज गर्मी पड रही है। **गुना** जिले में आज दिन का अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जिले में बादलों के छाने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

**आग घटना**

शिवपुरी के कलेक्टर कार्यालय में आज सुबह हुई आग की घटना के मामले में जांच जारी है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने कहा है कि आग की घटना में महत्वपूर्ण दस्तावेजों की क्षति नहीं हुई है। अग्नि दुर्घटना से नजूल शाखा, भू–अर्जन शाखा, विधि शाखा तथा शिकायत शाखा आदि संचालित हैं। घटना की मजिस्ट्रियल जांच अपर जिला दण्डाधिकारी दिनेश चंद्र शुक्ला को दी गई है। **उधर,** सीहोर जिले में स्थित मां विजयासन देवी के सलकनपुर मंदिर में शुक्रवार की रात पैदल सीढ़ी मार्ग पर बनी पूजा पाठ, प्रसाद की दुकानों में आग लगने से लगभग 15 दुकानें पूरी तरह से जल गईं। इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग के कारणों का खुलासा नही हो पाया है।

**हज यात्री**

भोपाल से हज यात्री 21 और 22 मई को जेद्दा के लिए रवाना हांगे। पहले दिन 183 यात्री हज यात्रा पर जाएंगे। दूसरे दिन 202 यात्री रवाना होंगे। हज कमेटी के ने बताया, हज यात्रा को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। इंदौर से एक फ्लाइट जा चुकी है। 21 और 22 मई को भोपाल से फ्लाइट उड़ेंगी। प्रदेश के करीब 7 हजार हज यात्रियों की रवानगी 21 मई से मुंबई एयरपोर्ट से होगी। यह सिलसिला 9 जून तक जारी रहेगा।

## गेहूं उपार्जन

राज्य शासन ने रबी विपणन वर्ष 2024–25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि एक बार फिरबढ़ा दी है। प्रदेश में किसानों से अब 31 मई तक समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। इस बारे में राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि प्रारंभ में किसानों से गेहूं उपार्जन हेतु भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर एवं उज्जैन संभाग में 7 मई और प्रदेश के शेष संभागों में उपार्जन की अवधि 15 मई तक निर्धारित की गई थी। बाद में इस अवधि को 20 मई तक बढ़ा दिया गया था।

## रीवा बैठक

रीवा में जल जीवन मिशन द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें निर्माण कार्य को जियो टैगिंग के माध्यम से जिला, विकासखण्ड और ग्राम के नक्शे में दर्शाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि आधुनिक सूचना संचार तकनीक का उपयोग करके निचले स्तर पर निर्माण कार्यों की कई कठिनाइयां दूर की जा सकती हैं। नवीन तकनीक का उपयोग करके निर्माण कार्यों को बेहतर करें। बैठक में जल जीवन मिशन के महाप्रबंधक पीके गुरू ने सीबीयूडी मोबाइल ऐप की जानकारी दी।

## विश्व संग्रहालय दिवस

आज विष्व संग्रहालय दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आज भोपाल के विविध संग्रहालयों में प्रवेष निःषुल्क रखा गया। वहीं मंदसौर में पशुपतिनाथ रोड स्थित संग्रहालय में प्रदर्शनी आयोजन किया गया, इसमें जिले सहित प्रदेश में मिली प्राचीन प्रतिमाओं, शिलालेख और चित्रों का प्रदर्षन किया गया। उल्लेखनीय है की विश्व का पहला विज्ञापन मंदसौर में जारी किया गया था, इसकी खोज 1885 में सर जॉन फ्लीट ने की थी। वर्तमान में इसे ग्वालियर संग्रहालय में संजोकर रखा गया है।

## आईपीएल

आईपीएल क्रिकेट में आज शाम 7.30 बजे से बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स के साथ होने जा रहा है। प्लेऑफ में पहुंचने को लेकर दोनो ही टीमों के लिए से यह मैच खासा महत्वपूर्ण है। मैच में जहां चेन्नई की जीत मात्र ही उसे प्लेऑपफ में पहुंचा देगी,वहीं बेंगलुरू को बडे अंतर के साथ जीत दर्ज करने पर ही प्लेऑफ में जगह मिल पाएगी।

## समाचार संक्षेप में :–

- रीवा जिले में 18 मई तक 2 लाख 5 हजार से अधिक किसानों से 9 लाख 55 हजार क्विंटल से ज्यादा गेंहू की खरीद की गयी है। इसके लिए किसानों को 229 करोड़ 27 लाख 24 हजार की राशि मंजूर की गयी है।

- राष्ट्रीय वृद्धजन देखभाल कार्यकम के अंतर्गत हरदा में 20 मई को निःशुल्क वृद्वजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया जाएगा। इस दौरान 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति का सघन स्वास्थ्य परीक्षण, जॉच, उपचार एवं परामर्श एन.डी. क्लिीनिक में किया जावेगा।
- बैतूल जिले में शाहपुर नगर परिषद के पार्षद सहित 6 लोगों के खिलाफ अवैध रेत उत्खनन मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।
- कृषि विज्ञान केन्द्र देवास में सोयाबीन और दलहनी फसलों के बुवाई पद्धति के नवाचार के लिए उन्नतशील कृषकों, कृषि विभाग के मैदानी अमले एवं कृषि अभियांत्रिकी के मैदानी अमला को प्रशिक्षण दिया गया।
- सागर संभाग के आयुक्त ने ओरछा में चल रहे लोक निर्माण के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रामलोक निर्माण को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देष दिए।